सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 18 | इंदौर, सोमवार 29 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए





## संयुक्त राष्ट्र संघ में रामकथा -

# आओ! ''राम को प्रिय'' ऐसे 'मनुष्य' को निर्मित करें

### मोरारी बापू द्वारा वैश्विक सद्भाव हेतु

## "प्रेम देवो भव" पर बल देते हुए आव्हान -

### ये हिस्टोरिकल कथा नहीं है... ये स्पिरिचुअल कथा है

"मेरे मन में कोई इच्छा है ही नहीं लेकिन यदि मुझे कोई कथा करने की मंजूरी दे.. मैं इस मंच से बोल रहा हूँ इस बिल्डिंग से बोल रहा हूँ कि जहां-जहां युद्ध चल रहा है साल डेढ़ साल से कई निर्दोष लोग मरे जा रहे है। मुझे यदि इन सरहद पर कथा करने की मंजूरी मिले तो मुझे पोथी लेकर वहां जाना है। वो दोनों ओर से शस्त्र फेंके मैं बीच में शास्त्र लेकर बैठूंगा। मेरी यह इच्छा है। मैं जग जाहिर कर रहा हूँ।"








@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**न्यूयार्क/अमेरिका।** मोरारी बापू UNO मुख्यालय में राम कथा 'मानस वसुधैव कुटुंबकम' का आगाज़ करते हुए कहते है कि विश्व संस्था UNO की इस बिल्डिंग में इस भाग में परमात्मा की कृपा से राम कथा के 9 दिन का अनुष्ठान करने का हम सबको अवसर मिला ये केवल केवल और केवल कोई परम की कृपा इसका परिणाम है।

हमारे पीछे 'टेल विंड' है ये पीछे जो पवन पुत्र है उसी की ये कृपा है। यहां 9 दिन तक राम कथा का गायन होना अपने आप अस्तित्व की कृपा है हनुमान जी की कृपा है हमको ये 9 दिन का अवसर मिला ये भगवत कृपा है।

बापू ने कहा कि..

4 प्रधान सूत्र है उद्देश्य है UNO के

5 मुझे डालना है। 5 उद्देश्य अपने ढंग से व्यासपीठ की ओर से

1. दुनिया में शांति की स्थापना हो ...
2. दुनिया में भूख ना रहे, बीमारी ना रहे और निरक्षरता ना रहे
3. तीसरा उद्देश्य इस संस्था का ये है कि परस्पर मैत्री हो ,राष्ट्र राष्ट्र के बीच में
4. किसी की स्वतंत्रता और किसीके अधिकार को कोई छीने ना

बापू ने अपने 4 उद्देश्य स्पष्ट करते हुए कहा कि

5. विश्व में संवाद हो...
6. ...छठी बात होगी सबका स्वीकार... मैंने तो बार-बार कहा कि मेरा कोई मिशन किसी को सुधारने का है ही नहीं... जो जैसा भी हो उसका स्वीकार करने का अपना काम है... विश्व में यदि विकास के साथ विश्राम की स्थापना करनी है तो उसे स्वीकार करना सीखना होगा...

फिर 7, 8 और 9 जो मूल है सत्य प्रेम और करुणा...

ये 9 सूत्रीय संवाद हम इन दिनों में इस स्थान में करेंगे..

राम राज्य में कोई निरक्षर नहीं था.. कोई अपंडित नहीं था..कोई रोगी नहीं था... जो इस संस्था के सूत्र है वो ऑलरेडी रामचरितमानस में है पहले से उपलब्ध हैं...

450 साल पहले तुलसी ने कहा ये मानस क्या कर रहा है? वैश्विक शांति का संदेश ये त्रिभुवनीय ग्रंथ दे रहा है।

**अखिल बिस्व यह मोर उपाया**
**सब पर मोहि बराबरि दाया**
**सब मम प्रिय सब मम उपजाए**
**सब ते अधिक मनुज मोहि भाए**

बापू ने कथा का आरम्भ करते हुए रामचरितमानस के उत्तरकांड की चौपाइयों का आश्रय लेते हुए 'मानस वसुधैव कुटुंबकम' विषय पर रामकथा का श्री गणेश करते हुए कहा कि भगवान कहते हैं सब मुझे प्रिय है. इनमें अधिक प्रिय मनुष्य है... और आज मनुष्य क्या कर रहा है ?.जिस मनुष्य को परमात्मा इतना चाहता है मनुष्य ने आज की स्थिति में बहुत कुछ गड़बड़ पैदा की है...

'आओ फिर राम को प्रिय ऐसे मनुष्य को निर्मित करें।'

27 जुलाई से 4 अगस्त तक यह नव दिवसीय राम कथा का गायन - संवाद बापू द्वारा किया जाएगा।भारतवर्ष के लिए यह गौरव का विषय है कि प्रथम बार UNO मुख्यालय में नवदिन तक एक साधु द्वारा व्यास पीठ से हेतुरहित भाव से सत्यप्रेमकरुणा की गंगोत्री से रामकथा के रूप में हरि नाम संकीर्तन का गुंजन किया जाएगा जो ऐतिहासिक रूप के साथ साथ और अधिक आध्यत्मिक रूप से भी अति विशेष महत्व रखता है।

बापू ने कहा कि मेरे देश के सभी भाई बहनों की शुभकामना लेकर हम यहां आए हैं मेरे देश के जो सही में अध्यात्म जगत के साधु संत है इन सबका आशीर्वाद लेकर हम यहां आए हैं।

ये कथा कोई एक विशेष लक्ष्य तक पहुंचने के लिए नहीं है..ये कोई रिकॉर्ड बनाने के लिए या तो कोई बुक में नाम आ जाए इसलिए नहीं.. इस बुक (मानस) में नाम आ गया फिर और सब बुक बेकार है।

भारत में इस कथा का प्रसारण समय भेद से नित्य शाम 7.30 से रात्री 11 तक होगा जिसे chitrakutdhamtalgajarda यूट्यूब चैनल और आस्था चैनल पर live देखा जा सकता है। आप सभी आमन्त्रित है।

**संपादित @ पुष्पेन्द्रपुष्प**



**शांति और आस्था का प्रतीक संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय अमेरिका में पहली बार राम कथा के द्वारा सत्य- प्रेम - करुणा का सार्वभौमिक संदेश समग्र विश्व में गुंजायमान करने हेतु मोरारी बापू द्वारा 940वीं रामकथा का UNO (United Nation) Head Quarter , New York, USA से प्रसारण...**

देअविवि के पत्रकारिता विभाग में आयोजन

# गुरु पूर्णिमा पर्व को पूर्णता प्रदान करती पुस्तक प्रबोधन का विमोचन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गुरु पूर्णिमा पर शिष्य अपने गुरुजनों को दक्षिणा प्रदान करते हैं किंतु इस वर्ष उच्च शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत 56 शिक्षाविदों ने शनिवार को अपने विद्यार्थियों के लिए जीवन प्रबंधन संबंधी आलेखों का गुलदस्ता शिष्य दक्षिणा के रूप में भेंट किया है। संभवतः ऐसी मिसाल पहली बार देखने को मिली। मौका था देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में प्रबोधन पुस्तक के विमोचन समारोह का। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे थे।

### मैकाले की शिक्षा नीति ने युवाओं को बनाया लक्ष्यविहीन-डॉ. विकास दवे

डॉ. दवे ने कहा कि युवाओं को मन मजबूत करने की आवश्यकता है। मैकाले की शिक्षा नीति ने देश के युवाओं को लक्ष्यविहीन बना दिया है। निराशा के गर्त में डूबी युवा पीढ़ी देश के लिए कुछ करने की स्थिति में ही नहीं है। यही कारण है कि आज का युवा आत्महत्या की ओर जा रहा है या फिर नशे में डूबा हुआ है। युवाओं को यह पता ही नहीं है कि संघर्षों से कैसे लड़ा जाए? इसके लिए युवाओं के मन को मजबूत करना होगा और प्रबोधन जैसी पुस्तक युवाओं के मन को मजबूत करने की दिशा में एक ठोस कदम है।

### मौज के लिए नहीं देश के लिए शिक्षा ग्रहण करें

डॉ. दवे ने कहा, आज के युवा ऐश यानी मौज के लिए शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जबकि उन्हें देश के लिए शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। इस बड़े बदलाव की जिम्मेदारी शिक्षकों पर है। राष्ट्र के प्रति शिक्षकों का भी दायित्व है कि वह युवाओं को पढ़ाने के साथ ही साथ सही दिशा देने का काम करें। वास्तव में शिक्षक ऐसा कर राष्ट्र के प्रति ऋण उतार सकते हैं। पुस्तक प्रबोधन पर बात करते हुए डॉ. दवे ने कहा, प्रबोधन पुस्तक वास्तव में भटक रहे युवाओं के लिए मार्गदर्शन का काम करेगी। युवाओं के जीवन में प्रबंधन संबंधी आलेखों का संग्रह इस पुस्तक में किया गया है, जो युवाओं के लिये मिल का पत्थर साबित होगा।

### जीवन प्रबंधन में ठोस मार्गदर्शक बनेगा संग्रह-डॉ. रेणु जैन

अध्यक्षता करते हुए देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की कुलगुरु डॉ. रेणु जैन ने कहा, छात्रों के जीवन में शिक्षक का अपना महत्व होता है। शिक्षकों को आदर्श के रूप में देखा भी जाता है। ऐसे में शिक्षक सही अर्थों में छात्रों का मार्गदर्शक भी होता है। प्रबोधन पुस्तक में ऐसे आलेखों का संग्रह किया गया है, जो युवाओं को अपने जीवन में सही प्रबंधन करने की सीख देंगे। पुस्तक में 56 महिला लेखकों के लेखों का संग्रह किया गया है, जो वास्तव में जीवन प्रबंधन की दिशा में ठोस मार्गदर्शक का काम करेंगे।

स्वास्थ्य जागरूकता पर संवाद कार्यक्रम

## ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने जोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक प्राइवेट हॉस्पिटल ने रविवार को 'स्वास्थ्य जागरूकता पर एक संवाद' का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और इमरजेंसी स्थिति के बारे ने जानकारी देना था। इसमें जिले के सभी सरपंचों और सचिवों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में प्रमुख डॉक्टरों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर विशेष चर्चाएं की गई। सरपंचों और सचिवों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी साझा की। इसके साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। यह चर्चा स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करती है। इस दौरान वहां मौजूद लोगों को इमरजेंसी स्थिति के बारे के जानकारी दी गई। साथ ही ऐसी स्थिति को कैसे संभाला जाए और क्या उपचार कर मरीज की जान बचाई जाए इस पर भी चर्चा की गई।

कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, पेट रोग जैसी समस्याओं की निशुल्क जांच की गई। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध हुई, जहां स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सीमित हो सकती है। कई लोगों ने अपनी बीमारियों को लेकर प्रमुख डॉक्टरों से परामर्श लिया। इस अवसर का लाभ उठाकर लोगों ने अपने स्वास्थ्य संबंधी प्रश्नों के उत्तर पाए और आवश्यक चिकित्सा सलाह प्राप्त की।

अस्पताल के डायरेक्टर मनीष गुप्ता ने बताया कि अस्पताल, इंदौर का एक प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, जो उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करता है। अस्पताल का उद्देश्य न केवल रोगों का उपचार करना है, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाकर लोगों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित करना भी है।

# पौधारोपण अभियान की पीएम मोदी ने की तारीफ

मन की बात में कहा एक दिन में 2 लाख पौधे लगे, कांग्रेस बोली-दावा तो 12 लाख पौधे का था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दो सप्ताह पहले इंदौर में एक पेड मां के नाम अभियान में किए गए रिकॉर्ड पौधारोपण की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तारीफ की है। मन की बात कार्यक्रम के 112वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंदौर के पौधारोपण अभियान की तारीफ की। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा- पिछले मन की बात कार्यक्रम में एक पेड मां के नाम की चर्चा की थी। मुझे खुशी है कि देश के अलग-अलग हिस्सों के लोग इस अभियान से जुड़ रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले स्वच्छता के लिए प्रसिद्ध इंदौर में एक शानदार कार्यक्रम हुआ। यहां एक पेड मां के नाम कार्यक्रम के दौरान एक ही दिन में दो लाख से ज्यादा पौधे लगाए गए। अपनी मां के नाम पेड़ लगाने के इस अभियान के साथ आप भी जुड़ें। और सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करें। इस अभियान से जुडकर आपको अपनी मां और धरती मां दोनों के लिए कुछ स्पेशल कर पाने का अहसास होगा। मन की बात कार्यक्रम में इंदौर के पौधारोपण का जिक्र करने पर सीएम मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। सीएम ने ट्वीट कर लिखा- आज मन की बात कार्यक्रम में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने इंदौर में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत एक ही दिन में लाखों पौधे लगाकर बनाए गए विश्व रिकॉर्ड का उल्लेख किया। आपकी इस सराहना से इंदौरवासियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, हत्रह'ह्य एवं स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति समर्पण में और अधिक वृद्धि होगी। आपका हार्दिक आभार प्रधानमंत्री जी...

**कांग्रेस ने इंदौर के रिकॉर्ड पौधारोपण पर कसा तंज-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात कार्यक्रम में इंदौर के पौधारोपण में दो लाख पौधे लगाए जाने के वक्तव्य पर कांग्रेस ने तंज कसा है। पीसीसी चीफ के मीडिया एडवाइजर केके मिश्रा ने ट्वीट कर लिखा- वाह प्रधानमंत्री मोदी जी आपकी मौजूदगी में पूर्ववर्ती शिवराज सिंह चौहान की सरकार के दौरान मप्र में एक ही दिन में 6.67 करोड़ पौधे लगाने का फर्जी विश्व रिकॉर्ड बनाया गया था, आज 67 पौधे भी वृक्ष की शक्ल अख़्तियार नहीं कर पाये। इस वर्ष जारी बारिश में मप्र की ही व्यावसायिक राजधानी इंदौर में देश के गृहमंत्री अमित शाह की मौजूदगी में एक ही दिन में 12 पौधे रोपित होने का दावा किया गया? आज आपने अपने बहुप्रचारित मन की बात की बात कार्यक्रम और पर सिर्फ़ 2 लाख पौधारोपण का आंकड़ा जारी कर अपनी ही सरकार के उक्त दावे को ध्वस्त कर दिया? ज़िम्मेदार आपको सही जानकारियां नहीं देते हैं या आप टेलीप्रॉमटर से पढ़ने के बाद भी आप सही नहीं बोल पाते हैं?

## मानभद्र बाबा की महाआरती के साथ भक्तों ने ग्रहण किया महाप्रसाद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। श्री मानभद्र भक्त मण्डल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कमल गोधा ने बताया की पीछले 27 सालो से ग्रुप के सदस्यो द्वारा हर वर्ष गुरुपूर्णिम के अवसर पर दो दिवसीय अयोजन किया जाता है। इस वर्ष अयोजन को गजरथ ऐरावत की सुंदर दर्शनीय कलाकृति से सजाया गया इसी के साथ पहले दिन शनिवार को प्रयत्न ग्रुप द्वारा शांति और बेहतर बारिश के लिए भक्तांबर पाठ समूह गायन किया गया। इसी के साथ रविवार को स्वर्ण दीपो से संगीतमय आरती एवम स्वामी वात्सल्य का विशाल अयोजन हुआ जिसमे भक्तो ने महाप्रसादी ग्रहण की साथ ही श्री मानभद्र भक्त मण्डल ने विशेष रूप से विश्व शांति व पर्याप्त वर्षा के लिए मंगल कलश की स्थापना के साथ 21000 इक्कीस हजार जाप एवम मंत्रो का उच्चारण किया। श्रीमती विद्युतलता जैन पतंग्या जी परिवार ने भक्तांबर पाठ का लाभार्थी बनकर पुण्य अर्जित किया। साथ ही मनीष सुराणा परिवार ने महाआरती का सोभाग्य प्राप्त किया। वही प्रसिध कलाकार देवेश

कटाक्ष




# 'इंदौर की पहचान अब नवाचारों के लिए होने लगी

मंत्री कश्यप का बयान, विजयवर्गीय बोले- हर सिस्टम का अल्टरनेट जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर नगर निगम द्वारा आयोजित हैकथॉन प्रौद्योगिकी प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में उद्योग मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा कि राजनीति में मेरा पहला परिचय कैलाश विजयवर्गीय से ही हुआ था वो मेरे राजनीति गुरु हैं। जबसे कैलाश विजयवर्गीय जी ने महापौर के तौर पर काम करना शुरु किया था से नए नए प्रयोग सामने आने लगे। आज लोगों को बड़ी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम या नगरी निकाय से ही उम्मीदें होती हैं।

इंदौर की पहचान अब अभिनव प्रयासों के लिए होने लगी है। हर जगह बात आती है पब्लिक सर्विस हम सर्विसेज को डिलीवर कैसे करते हैं। डिजिटाइजेशन से ही भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सकती है। डिजिटाइजेशन लोकतंत्र की संजीवनी है।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि 5-6 दिन पहले पूरा सिस्टम फेल होने से दुनिया भर के जहाज रुक गए। जनता की इच्छा व सेवा के लिए सिस्टम के माध्यम से काम किया जाता है, इसके साथ ही सिस्टम फेल हो तो उसका भी अल्टरनेट सिस्टम होना चाहिए, इसीलिए चिंतन मंथन लगातार चलते रहना चाहिए।

मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि इंदौर देश की सबसे स्वच्छ, स्मार्ट सिटी होने के साथ ही नवाचार के लिए प्रसिद्ध है। इंदौर हमेशा चैलेंज के साथ काम करता है। इंदौर को डिजिटल सिटी बनाने और नगर निगम की सुविधाओं और योजनाओं को डिजिटल प्लेटफार्म पर लाने के उद्देश्य से आयोजित हैकथॉन में देश के 1500 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए थे। इनमें से कई शहरों के 79 से ज्यादा यूनिवर्सिटी, कॉलेज के 500 से ज्यादा स्टूडेंट, एक्सपर्टस का चयन हुआ है। इनके द्वारा इंदौर नगर निगम के लिए ऐसे प्लेटफार्म के निर्माण किया जाएगा। इसके माध्यम से शहर के नागरिक निगम की सुविधाएं तुरंत और संतुलित रूप से प्राप्त कर सके।

महापौर ने कहा कि इंदौर के डिजिटाइजेशन की आधारशिला आज रखी जा रही है। हैकथॉन प्रतियोगिता के माध्यम से नगर निगम 42 से ज्यादा विभागों के माध्यम से किए जाने वाले कामों का बेहतर तौर पर निराकरण के संबंध में सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले प्रतिभागियों के माध्यम से निगम द्वारा ऐसे डिजिटल प्लेटफार्म को तैयार किया जाएगा। इसमें इनोवेटिव आइडियाज लिए जाएंगे।

हैकथॉन प्रतियोगिता निगम, ई-नगर पालिका और अन्य ई-गवर्नेंस पोर्टलों द्वारा वास्तविक चुनौतियों को समाधान देने का उद्देश्य से आयोजित की गई है। हैकथॉन में शामिल समाधानों और सुझावों को नगर निगम द्वारा आने वाले नए पोर्टल के आरएफ़पी (Request for Proposal) में शामिल किया जाएगा। यह निगम की अन्य प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में योगदान देगा।

# विपक्ष हताशा, निराशा के दौर से गुजर रहा है : केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर।** केंद्रीय सामाजिक न्याय विभाग मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक रविवार को इंदौर आए। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि देश की जनता ने विपक्ष को तीसरी बार नकार दिया है। उनके पास कोई मुद्दा नहीं बचा है। वे बजट को लेकर भी बेबुनियाद आरोप लगा रहे है। दरअसल विपक्ष हताशा, निराशा और उदासी के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने केंद्रीय बजट को लेकर कहा कि विपक्ष ने देश में बजट को लेकर निराशा का माहौल बनाने की कोशिश की, लेकिन निवेशकों में बजट के कारण उत्साह का माहौल है। विदेशी निवेशक भारत की अर्थव्यवस्था की तरफ आकर्षित हो रहे है और निवेश भी कर रहे है। बजट के सकारात्मक परिणाम जल्दी ही नजर आएंगे। खटीक से स्वच्छ शहर इंदौर में ट्रांसजेंडरों के लिए सार्वजनिक शौचालय नहीं होने का जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडरों के संबंध में जल्दी ही एक कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमें अलग-अलग प्रदेशों के अफसर शामिल होंगे। कार्यशाला में ट्रांसजेंडरों से जुड़ी समस्या और उनके निराकरण पर जोर दिया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास के भाव से काम करती है। विपक्ष भेदभाव करने का आरोप लगाता है। उसमे कोई दम नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जो प्रोजेक्ट बनता है। उससे राज्य आपस में जुड़े रहते है। सभी को उसका फायदा होता है। जीएसटी का संग्रहण जिन राज्यों से होता है, उसे उसी अनुपात में बराबरी से आवंटित किया जाता है। पत्रकारवार्ता में मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष गौरव रणदिवे मौजूद थे।

## साबूदाने की खिचड़ी प्रसाद वितरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** सावन के पवित्र महीने में ओंकारेश्वर और महेश्वर से जल लेकर कावडिए उज्जैन महाकाल बाबा को अभिषेक करने के लिए पैदल जाते है। कांग्रेस नेता दीपू यादव द्वारा बाणगंगा मेन रोड पर पूरे महीने सुबह 6 से रात 10 बजे तक साबूदाने की खिचड़ी प्रसाद खिलाया जा रहा है और साथ में चाय भी पिलाई जा रही है। दीपू यादव और उनकी टीम सुबह से रात तक कावड़ यात्रियों के खिचड़ी प्रसाद खिलाने में लगे रहते हैं। संस्था ने कावड़ यात्रियों के आराम करने की व्यवस्था भी की है। कावड़ यात्रियों की सेवा के साथ ही संस्था बाणेश्वर द्वारा सावन के तीसरे सोमवार 5 अगस्त को भव्य भोले बाबा की बाणेश्वर यात्रा निकाली जाएगी। । यात्रा का यह 27 वां वर्ष है। यात्रा में झांकियो की अनेक गाड़ी के साथ रजत रथ में बाबा बाणेश्वर नगर भ्रमण पर निकलते हैं।

## बुजुर्ग महिला पर हमला

**इंदौर।** ग्रामीण अंचल में बुजुर्ग महिला पर दो बार हमला हुआ है ।महिला ने पहली बार हुई मारपीट की शिकायत पुलिस से क़ी इससे नाराज आरोपियों ने उन्हें दोबारा मारा पीटा। देपालपुर पुलिस के अनुसार घटना ग्राम बनेडिया की है। घायल महिला का नाम कमलाबाई पति देवीलाल चौहान उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम बनेडिया है। उनकी शिकायत पर आरोपी घनश्याम सतीश और शकुंतलाबाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी उनके घर के सामने ही रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि आरोपियों से उनका विवाद हुआ तो उन्होंने महिला को डंडा मार दिया था। पीडिता ने इस मामले की शिकायत थाने में की थी, वह शिकायत दर्ज करवाने के बाद घर लौटी तो आरोपियों को पता लगा कि वह पुलिस के पास गई है। इस बात को लेकर आरोपियों ने दोबारा उनसे विवाद किया और सडक़ पर ही जमकर मारा पीटा।

## रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के यहां चोरी

इंदौर। तेजाजी नगर की एक पॉश कॉलोनी में रहने वाले रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के सूने घर में चोरी हो गई। दंपती शहर से बाहर थे। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक चोरी दिनेश कुमार अग्रवाल के यहां पर हुई। अग्रवाल ने बताया कि 15 जुलाई को निजी काम से जबलपुर गए थे। वहीं पत्नी मंजुला लखनऊ में थी। 19 को पत्नी मजुंला के पास मेड का कॉल आया। उसने बताया कि घर के ताले टूटे हैं। वे शुक्रवार को इंदौर पहुंचे और शनिवार को तेजाजी नगर थाने में चोरों पर केस दर्ज कराया। अग्रवाल के मुताबिक उनके घर से भगवान की मूर्तियां, आभूषण और 10 हजार रुपए नकदी गायब थे। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## मोबाइल छीनने की कोशिश

इंदौर। आजाद नगर थाना क्षेत्र के मूसाखेड़ी चौराहा पर महेन्द्र पिता रमेशचन्द्र शिवले निवासी शुक्ला नगर अपने घर जाने के लिए वैन का इंतजार कर रहे थे तभी बाइक पर तीन अज्ञात बदमाश आए और महेन्द्र को चर्चा में उलझाया, इतने में वैन भी आ गई। महेन्द्र वैन में बैठते उसके पहले ही बाइक सवार ने झपट्टा मारा और मोबाइल छीनने की कोशिश की और मोबाइल छीनकर भागने लगे, महेन्द्र ने पीछा कर उन्हें पकडऩे की कोशिश तो लात मारकर फरार हो गए। महेन्द्र शिवले ने थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई और आरोपियों का हुलिया भी बताया।

# सवा करोड़ की धोखाधड़ी

### मालिक की शिकायत पर केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने एक कंपनी के मालिक की शिकायत पर अकाउंटेंट, उसकी पत्नी और भाई पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। कंपनी में काम करने के दौरान अकाउंटेंट ने करीब 1 करोड़ 25 लाख से ज्यादा की धोखाधड़ी की। क्राइम ब्रांच अब मामले में जांच कर रही है।**

क्राइम ब्रांच ने इनोफ्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मालिक सौरभ डोसी की शिकायत पर अविनाश उर्फ रवि पुत्र विशपाल सिंह राठौर निवासी बजरंगनगर पर केस दर्ज किया है। सौरभ ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी कंपनी कई छोटी कंपनियों के लिये पैकेजिंग मटेरियल का काम करते हैं। अविनाश उनकी कंपनी में 8 साल से अकाउंटेंट है।

कंपनी के लेनदेन का पूरा काम उनके सुपुर्द था। अविनाश कम्प्यूटर में वित्तीय लेनदेन का हिसाब रखते थे। एमडी की स्वीकृति पर पूरा भुगतान किया जाता था। सौरभ डोसी को कंपनी के अकाउंट को लेकर शंका हुई। उन्होंने 6 माह का हिसाब चेक करवाया। पता चला कि कंपनी से जिन अकाउंट में रुपए ट्रांसफर हुए हैं। वह अविनाश की पत्नी सीमा और भाई मनीष के हैं। फर्जी डॉक्यमेंट तैयार करने के साथ धोखाधड़ी की गई। कंपनी के सीनियर अकाउंटेंट होते हुए कई झूठी प्रविष्टियां भी बताई गईं। 6 माह के रिकॉर्ड में अब तक 1 करोड़ 25 लाख की धोखाधड़ी सामने आई है। कंपनी के मालिक सौरभ ने बताया कि पिछले कई सालों से अविनाश इस तरह का हेरफेर कर रहा होगा। अकाउंट की जांच अब अन्य अकाउंटेंट से करवाई जा रही है। जांच पूरी होने के बाद धोखाधड़ी का आंकड़ा बढ़ सकता है।

# पर्यटन प्रतियोगिता में 320 से अधिक विद्यालयों ने की सहभागिता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**इंदौर। कलेक्टर एवं जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद के अध्यक्ष आशीष सिंह एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिद्धार्थ जैन के मार्गदर्शन में इस वर्ष मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद इंदौर एवं स्कूल शिक्षा विभाग इंदौर के द्वारा शनिवार 27 जुलाई को जिला स्तरीय पर्यटन क्विज का सफल आयोजन किया गया। मेडिकैप्स विश्वविद्यालय राऊ में आयोजित इस प्रतियोगिता में 320 से अधिक विद्यालयों के 3 प्रतिभागियों की टीमें सम्मिलित हुई। यह एक मात्र आयोजन है, जिसमें जिले के सर्वाधिक विद्यालय सहभागिता करते हैं। इस वर्ष प्रदेश में सर्वाधिक सम्मिलित संख्या इंदौर जिले से थी।**

प्रतियोगिता के प्रथम चरण में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक 100 प्रश्नों का ऑब्जेक्टिव प्रश्न पत्र हल करने की प्रतियोगिता हुई। दोपहर 12 से 2 बजे के मध्य मूल्यांकन कार्य एवं सम्मिलित प्रतिभागियों हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन एवं भोजन प्रदाय किया गया। प्रथम 6 दल का मेरिट आधार पर चयन कर द्वितीय चरण की मल्टी मीडिया क्विज, क्विज मास्टर आर के चेलानी द्वारा आयोजित की गई। प्रतियोगिता में प्रथम विजेता शिशु कुंज इंटरनेशनल स्कूल इंदौर, द्वितीय उत्कृष्ट विद्यालय बाल विनय मंदिर इंदौर तथा तृतीय सीएम राइज अहिल्याश्रम क्रमांक 1 इंदौर रही। उप विजेता टीमों में प्रथम शा. अत्री देवी उमावि सुदामा नगर इंदौर, द्वितीय एडवांस अकादमी तथा तृतीय न्यु पिंक फ्लावर उमावि नेहरू नगर इंदौर रही। जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुषमा वैश्य एवं डाइट प्राचार्य मंगलेश व्यास के द्वारा पुरस्कारों का वितरण किया गया। सभी विजेता दलों को कलेक्टर एवं जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद के अध्यक्ष आशीष सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला पुरातत्व पर्यटन संस्कृति परिषद के सचिव सिद्धार्थ जैन, संचालक पर्यटन विभाग अजय श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक श्री भदौरिया एवं मेडिकैप यूनिवर्सिटी के डॉ. दिलीप पटनायक द्वारा विजेताओं को बधाई दी गई। प्रतिभागियों को पुरस्कार के रूप में मैडल प्रदाय किया गया। साथ ही विजेता टीमों को मध्यप्रदेश के किसी एक पर्यटन स्थल का पर्यटन कराया जायेगा। जिसमें विभाग के होटल में प्रथम 3 टीमों को 3 दिन, 2 रात ठहराया जायेगा। इसी तरह द्वितीय 3 टीमों को 2 दिन और 1 रात ठहराया जाएगा। गाइड सुविधा भी प्रदान की जाएगी। प्रथम स्थान प्राप्त दल शिशु कुंज इंटरनेशनल के प्रतिभागी अर्गया शर्मा, शौर्य परमार, अर्यमा मिश्रा राज्य स्तर पर इंदौर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगें। इस आयोजन में मेडिकैप्स विश्वविद्यालय ने सहयोग प्रदान किया।

# ऐप बताएगा, आप सरकारी योजना के लिए पात्र या नहीं

## 10 आसान सवालों के जवाब देने होंगे, सीधे आवेदन कर सकेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पाने के लिए आप पात्र हैं या नहीं? ये अब किसी दफ्तर, अधिकारी या बिचौलिए के पास जाकर पूछने की जरूरत नहीं है। मोबाइल एप्लिकेशन से आप पूरी जानकारी पा सकते हैं। पात्रता ऐप नाम से गूगल प्ले स्टोर पर यह ऐप है। अब तक 10 विभागों की योजनाएं इसमें शामिल की जा चुकी हैं। जल्द ही सभी विभागों की योजनाओं की जानकारी इसमें अपलोड हो जाएंगी।

पात्रता ऐप से आसानी से पता लग जाएगा कि कौन किस योजना के लिए पात्र है। इतना ही नहीं, आवेदन कैसे और कहां करना पड़ेगा, कौन से जरूरी दस्तावेज लगेंगे, यह जानकारी भी इस ऐप में मौजूद है।

मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा, 'इस ऐप के उपयोग से अब सरकारी दफ्तरों में योजनाओं से संबंधित सामान्य जानकारी के लिए चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। योजनाओं का लाभ दिलाने का झांसा देने वाले लोगों से भी छुटकारा मिल जाएगा।'

### 36 हजार ने किया उपयोग, 15 हजार डाउनलोड

पात्रता ऐप का उपयोग करने वालों की संख्या गांवों में लगातार बढ़ रही है। अब तक 36 हजार नागरिकों ने इसका उपयोग किया है। 15 हजार से ज्यादा लोगों ने इसे डाउनलोड किया है।

### ग्वालियर जिला प्रशासन की पहल है ऐप

पात्रता ऐप ग्वालियर जिला प्रशासन की पहल है। वहां के प्रशासन ने आम नागरिकों के लिए इसे तैयार कराया है। यह एक एंड्रॉयड आधारित एप्लिकेशन है।

# चोर ने किया मैसेज- 20 दिन में सब लौटा दूंगा

## ◆ अमेरिका गए अफसर के घर चोरी; आरोपी घर की बुजुर्ग को अस्पताल भी ले गया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** भोपाल में एक सरकारी अधिकारी के घर उनके ही ड्राइवर ने चोरी कर ली। फिर उसे मैसेज भेजा कि मैंने आपके घर में चोरी की है। परेशान मत होना, 20 दिन बाद मैं सब कुछ लौटा दूंगा। आरोपी नकदी रुपए और कीमती सामान लेकर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चोरी के ये वारदात शनिवार रात को शाहपुरा क्षेत्र के बंगला नंबर B-165 की है। यहां पब्लिक वर्क डिपार्टमेंट के सब डिवीजन ऑफिसर (एसडीओ) कपिल त्यागी रहते हैं। वे पत्नी के साथ बेटी के यहां अमेरिका गए हुए हैं। उनका कॉन्ट्रेक्टर बेटा चिरायु त्यागी इंदौर गया हुआ है। घर में अधिकारी की बुजुर्ग मां अकेली थीं। ड्राइवर को उनकी देखरेख की जिम्मेदारी दी थी।

### दो महीने पहले ही ड्राइवर को काम पर रखा

चूनाभट्टी थाना टीआई भूपेंदर कौल संधू ने बताया कि अधिकारी के बेटे चिरायु ने दो महीने पहले ही दीपक यादव (ड्राइवर) नाम के युवक को काम पर रखा है। दीपक शनिवार को चिरायु की दादी को फीजियोथैरेपी के लिए कार से लेकर गया। क्लिनिक पर उन्हें छोड़ने के बाद घर लौट आया। उसने पहले ही मौका पाकर दादी के बैग से घर की चाबी निकाल ली थी। घर का दूसरा नौकर इस समय किसी काम से घर से बाहर गया था। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने पूरे घर की तलाशी ली और कैश समेत अन्य सामान चुरा लिए। चोरी करने के बाद फिर दादी को लेने गया। उन्हें घर छोड़ने के बाद फरार हो गया।



### मैसेज में बोला- 50-60 हजार रुपए कैश लिए

वारदात के बाद आरोपी ने शनिवार की रात को चिरायु को वॉट्सएप पर मैसेज किया। इसमें उसने लिखा कि मैंने घर से 50-60 हजार रुपए कैश निकाल लिए हैं। परेशान मत होना, 20 दिन बाद स्वयं यह रकम को लौटा दूंगा।

### रात ढाई बजे मामला हुआ दर्ज

चिरायु ने कॉल पर दोस्त अमित थरानी को सूचना दी। अमित ने पुलिस को मामले की सूचना दी और चिरायु रात पौने दो बजे घर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में पुलिस ने कार्रवाई की। रात करीब ढाई बजे पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। ड्राइवर दीपक की लास्ट लोकेशन सीहोर में ट्रेस की गई है। उसकी तलाश की जा रही है। क्या और कितना सामान चोरी गया है, इसकी लिस्ट फरियादी की ओर से फिलहाल पुलिस को नहीं सौंपी गई है।

### इंस्टा पर पिस्टल और कट्टों के साथ पोस्ट

आरोपी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कई रील अपलोड कर रखी हैं। ज्यादातर में वह ग्रुप के साथ मौजूद है। कई रील में वह पिस्टल और कट्टे का भी प्रदर्शन कर रहा है। एक रील में वह तलवार से केक काटता भी दिख रहा है।

# मां कालिका मंदिर में वेस्टर्न कपड़े पहनकर आने पर रोक

## पुजारी का फैसला-कटी-फटी जींस, मिनी स्कर्ट, बरमुडा वालों को नहीं मिलेगा प्रवेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम में आस्था के केंद्र मां कालिका माता मंदिर में अब श्रद्धालुओं को मर्यादित वस्त्र पहनकर मंदिर में आना होगा। छोटे, कम कपड़े, वेस्र्टन कपड़े और चड्डा-बरमुडा पहनकर आने वाले श्रद्धालु को मंदिर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके लिए मंदिर के पुजारियों ने ड्रेस कोड लागू कर दिया है। सात्विक वस्त्र पहनकर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए मंदिर के बाहर और अंदर सूचना भी लगा दी है।

### मंदिर के बाहर सूचना लगाई

कालिका माता मंदिर में पहली बार ऐसा फैसला लिया गया है। पुजारी के अनुसार अगर कोई भी वेस्टर्न व अमर्यादित वस्त्रों में आता है तो वह बाहर से ही दर्शन कर पाएगा। मंदिर के दो द्वार से लेकर गर्भ गृह और हवन कुंड परिसर में बकायदा मर्यादित वेशभूषा में मंदिर के भीतर प्रवेश करने की सूचना लगाई है। इसके साथ यह भी लिखा है कि वेस्टर्न कल्चर के कपड़ों में प्रवेश करना निषेध है।

एक अन्य बोर्ड मंदिर के बाहर भी लगाया है, जिसमें लिखा है कि सभी धर्म प्रेमी भक्तों से निवेदन है कि मंदिर में मर्यादित वस्त्र पहनकर कर आवें। चड्डा-बरमुडा पहनकर न आवें। मंदिर की मान मर्यादा रखे।

### पुजारी बोले-मर्यादित वस्त्र पहनकर ही आएं

मंदिर के पुजारी राजेंद्र शर्मा का कहना है कि मंदिर में शहर के अलावा दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए आते हैं। कुछ लोग ऐसे वस्त्र पहनकर आते हैं, जो अमर्यादित होते हैं। इस कारण श्रद्धालुओं से मर्यादित वस्त्रों में मंदिर में दर्शन के लिए आने का अनुरोध किया है।

पुजारी शर्मा ने श्रद्धालुओं से भारतीय संस्कृति का पालन करते हुए सात्विक वस्त्र में मंदिर में प्रवेश करने का अनुरोध किया है। जिससे मंदिर की शालीनता बनी रही। अमर्यादित कपड़े जैसे कटी-फटी जींस, मिनी स्कर्ट, बरमुडा, नाइट सूट, छोटी ड्रेस, हाफ पैंट समेत अन्य वेस्टर्न कपड़े पहन कर आने वाले श्रद्धालुओं के प्रवेश पर रोक लगाई है।

मंदिर के पुजारियों के इस फैसले से मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भी सहमत है। श्रद्धालु प्रीति पालीवाल ने कहा कि आजकल देखा जा रहा है कि मंदिरों में शार्ट्स कपड़े पहनकर लड़कियां आ रही है। इससे हमारी संस्कृति व सनातन धर्म बिगड़ रहा है। पंडित जी ने सही फैसला लिया है।

### हजारों श्रद्धालु आते है रोज

रतलाम का मां कालिका माता मंदिर शहर के मध्य स्थित होकर आस्था का बड़ा केंद्र है। गर्भ गृह में मां कालिका के साथ चामुंडा मां व अन्नपूर्णा मां की मूर्ति विराजित है। रतलाम शहर, जिले के अलावा बाहर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते है। नवरात्रि में 9 दिन गरबा रास के आयोजन के साथ मेला भी यहां पर लगता है। मंदिर शासकीय होकर कोर्ट ऑफ वार्ड्स के अंतर्गत (कलेक्टर के अधीन) है। इसके अलावा कालिका माता मंदिर ट्रस्ट भी बना है। उक्त निर्णय मंदिर के पुजारियों ने लिया है।

# बीमारी ठीक करने के बहाने धर्मांतरण का आरोप

## खेत में बने चर्च में जुटे 200 से ज्यादा आदिवासी; विश्व हिंदू परिषद का हंगामा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रतलाम । रतलाम में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने रविवार को एक चर्च में हंगामा कर दिया। उनका आरोप है कि यहां पर बीमारी ठीक करने के नाम पर आदिवासियों का धर्मांतरण किया जा रहा था। यहां प्रार्थना सभा में 200 से ज्यादा आदिवासी जुटे थे। विहिप की चर्च के पदाधिकारियों से झूमाझटकी भी हुई।

मामला डीडी नगर थाने के लाखिया गांव का है। हंगामे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। यहां प्रार्थना करा रहे एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर थाना लेकर आई। मौके से ईसाई धर्म से जुड़ा साहित्य भी जब्त किया गया है।

**लोगों को किया जा रहा गुमराह-** विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री गौरव शर्मा के मुताबिक, 'लाखिया गांव आमलीपाड़ा ग्राम पंचायत में आता है। गांव में खेत में तथाकथित रूप से चर्च बना रखा है। धर्मांतरण की सूचना पर वहां जाकर देखा तो 200 से 300 आदिवासी महिला और पुरुष प्रार्थना सभा में बैठे थे।

सेवा और उपचार के नाम पर धर्मांतरण किया जा रहा है।' शर्मा ने प्रशासन पर सवाल उठाते हुए कहा, 'आखिर खेत के अंदर यह चर्च कैसे संचालित हो रहा है, इसकी परमिशन कैसे मिली? अलग-अलग गांव से लोगों को बुलाकर प्रार्थना सभा के नाम पर धर्मांतरित किया जा रहा है।'

**लोग बोले- बीमारी ठीक करते है प्रभु ईशु मसीह-** गांव आमलीपाड़ा मुख्य रोड से लगा है। गांव की सड़क किनारे दिल्ली-मुंबई रेल मार्ग भी है। रेल पटरियों को पार कर खेत में सीमेंट की पक्की सड़क से बीच में से होकर खेत में यह भवन बना हुआ है। हिंदू संगठनों का आरोप है कि काफी समय से यहां पर आदिवासी समाज के लोग आते हैं और प्रार्थना सभा करते हैं।

# किसानों को ट्रेन से उतारा, रेलवे स्टेशन पर हंगामा

## नर्मदापुरम में 70 मिनट खड़ी रही जीटी एक्सप्रेस; पुलिस ने की सर्चिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम।** नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने दिल्ली जा रहे किसानों को ट्रेन से उतार दिया। सभी जीटी एक्सप्रेस से जा रहे थे। किसानों ने रोके जाने का विरोध किया। हंगामा भी किया। पुलिस ने किसानों को हिरासत में ले लिया है। तीन बसों से 65 से ज्यादा किसानों को रेलवे स्टेशन से कहीं ले जाया गया है।

ऐसी सूचना थी कि जीटी एक्सप्रेस ट्रेन में किसान संगठन के कुछ पदाधिकारी छिपे हुए हैं, इस वजह से ट्रेन को 70 मिनट तक रोकर सर्च किया गया। सिटी मैजिस्ट्रेट असमराम चिरामन के मुताबिक, 'यात्रियों को ट्रेन से उतारकर श्रीकुंज गार्डन में ठहराना का मैसेज मिला था। बाकी जानकारी नहीं है।'

### दिल्ली से मिला था इनपुट

नेशनल साउथ इंडियन रिवर इंटरलिंकिंग एसोसिएशन तमिलनाडु के अध्यक्ष अय्याकन्नू अपने 114 कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ दिल्ली जा रहे थे। दल में 15 महिलाएं भी हैं। तमिलनाडु को कावेरी नदी का पानी दिए जाने की मांग को लेकर किसान नेता दिल्ली में आंदोलन कर सकते हैं, ऐसा इनपुट मिलने पर दिल्ली पुलिस चेन्नई से इनका पीछा कर रही थी। रविवार को नर्मदापुरम में दिल्ली से मिले इनपुट के आधार पर सभी को उतारा गया। किसान नेता और कार्यकर्ता 27 जुलाई को 12615 जीटी एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुए थे।

### हम थाने जाकर शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं

ट्रेन से उतारने को लेकर किसान नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध किया। अध्यक्ष अय्याकन्नू ने कहा कि पुलिस लॉ एंड ऑर्डर का हवाला दे रही है, लेकिन पुलिस ये तो बताए कि हमारे लोगों ने किया क्या है? पुलिस हिरासत में लेना चाहती है, जबकि एसोसिएशन के सदस्य थाने जाकर अपनी शिकायत दर्ज कराना चाहते हैं।

## संपादकीय

# वाहन चालकों की जानलेवा रफ्तार


अक्सर ऐसे हादसों की खबरें आती रहती हैं, जिनमें किसी वाहन चालक की लापरवाही की वजह से फुटपाथ पर सो रहे लोगों की कुचल कर मौत हो गई। यह समझना मुश्किल है कि इस तरह वाहन चला रहे किसी व्यक्ति को कितनी हड़बड़ी और कैसी बेफिक्री होती है कि उसे सड़क पर मौजूद अन्य लोगों की जिंदगी और हालात की अहमियत समझना जरूरी नहीं लगता। सड़क हादसों में ज्यादातर की वजह कुछ वाहन चालकों की ऐसी लापरवाही होती है, जिसमें इस बात का खयाल रखना जरूरी नहीं समझा जाता कि अन्य व्यक्ति के जीवन का भी कोई मोल है। यह सही है कि बहुत सारे लोग सड़क पर सावधानी और जिम्मेदारी से वाहन चलाते हैं और इस तरह वे सड़क पर सफर कर रहे अन्य लोगों के साथ-साथ अपनी जिंदगी की भी सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। मगर ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है, जो शायद यह मान कर चलते हैं कि उनके लिए दूसरों के जीवन की कोई अहमियत नहीं है। दिल्ली से सटे नोएडा में बुधवार की रात तीन लोग सड़क के किनारे सो रहे थे, तब एक वाहन चालक उन तीनों को बुरी तरह कुचल कर फरार हो गया। उनमें से दो की मौत हो गई, तीसरा बुरी तरह घायल हो गया। इतना तय है कि हादसे के शिकार लोगों के पास शायद फिलहाल वही ठिकाना था और वे सड़क किनारे की किसी जगह को सुरक्षित मान कर वहां सो रहे थे। अगर किसी बेलगाम वाहन ने उन्हें कुचल डाला, तो इसे चालक की आपराधिक लापरवाही ही कहा जाना चाहिए। निश्चित रूप से सड़कों के किनारे आसपास की जगहें सोने के लिए नहीं होती हैं और वहां हमेशा जोखिम बना रहता है। मगर एक समस्या यह है कि महानगरों में रोजी-रोटी की तलाश में आए किसी व्यक्ति के पास अगर पैसे का अभाव या किसी मजबूरी की वजह से रहने का ठिकाना नहीं है, तो उसे कई बार सड़कों के किनारे या फुटपाथों पर सोना पड़ जाता है। सरकार की ओर से घोषित तौर पर रैन बसेरे जैसी व्यवस्था है, लेकिन या तो वह बेघर लोगों की संख्या के लिहाज से अपर्याप्त है या फिर इस कदर कुव्यवस्था का शिकार है कि वहां ज्यादातर लोग नहीं जाना चाहते।

### अर्ज किया है..!

*दिल पर चोट पड़ी है तब तो*
*आह लबों तक आई है*
*यूँ ही छन से बोल उठना तो*
*शीशे का दस्तूर नहीं*

-अंदलीब शादानी

isha



**जीवन में जो भी आपका लक्ष्य हो, जब तक आप उसे पाने की जल्दी नहीं दिखाते, जो करीब हो सकता था वो दूर हो जाएगा।**

- जग्गी वासुदेव

## सैर सपाटा

# त्रियुगीनारायण मंदिर में हुआ था भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह

### जानिए यहां कैसे पहुंचे



सावन का पवित्र महीना शुरू हो चुका है। इस महीने में भगवान शिव की पूजा की जाती है। कहा जाता है इस दौरान देवों के देव महादेव की पूजा सच्चे मन से करने पर हर मनोकामना पूरी होती है। माना जाता है कि भगवान शिव और मां पार्वती की शादी त्रियुगीनारायण मंदिर में हुई थी। ये मंदिर उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में है। ये मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है। ये मंदिर केदारनाथ के समान दिखता है। अगर आप भी इस मंदिर में जाना चाहते हैं तो जानिए यहां कैसे पहुंचे-

#### फ्लाइट से

जॉली ग्रांट हवाई अड्डा त्रियुगी नारायण गांव का सबसे पास हवाई अड्डा है। ये हवाई अड्डा दिल्ली से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। ये हवाई अड्डा सड़कों द्वारा अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। जॉली ग्रांट हवाई अड्डे से गुप्तकाशी, फिर त्रिजुगीनारायण गांव के लिए टैक्सियां मिलती हैं

#### ट्रेन से

त्रियुगीनारायण का सबसे पास रेलवे स्टेशन ऋषिकेश है। यहां से त्रियुगीनारायण 219 किमी दूर है। ऋषिकेश से गुप्तकाशी और फिर त्रियुगीनारायण के लिए टैक्सियां और बसें आसानी से मिल जाती हैं।

#### सड़क द्वारा

त्रियुगीनारायण मंदिर पहुंचने के लिए अपनी यात्रा हरिद्वार से शुरू करें। हरिद्वार से रुद्रप्रयाग 165 किलोमीटर दूर है ऐसे में यहां से टैक्सी या बस ले सकते हैं। सड़क की स्थिति और यातायात के आधार पर आपको लगभग 6-7 घंटे लग सकते हैं। फिर रुद्रप्रयाग से सोनप्रयाग तक पहुंचने के लिए टैक्सी किराए पर लें या स्थानीय बस लें, जो लगभग 70 किलोमीटर दूर है। फिर सोनप्रयाग से त्रियुगीनारायण मंदिर लगभग 5 किलोमीटर की दूर है। आप डायरेक्ट कैब से यहां जा सकते हैं। आप हरिद्वार के अलावा दिल्ली से भी डायरेक्ट इस मंदिर तक पहुंच सकते हैं।

#### जाने का अच्छा समय

रुद्रप्रयाग में त्रियुगीनारायण मंदिर की यात्रा का सबसे अच्छा समय गर्मियों के मौसम की शुरुआत के दौरान होता है। अप्रैल से जून की गर्मियों के महीने जब तापमान 20 डिग्री सेल्सियस और 36 डिग्री सेल्सियस के बीच गिर जाता है। तब यहां तीर्थयात्रा के लिए सबसे अच्छा समय माना जाता है।

New Delhi

# दिल्ली-मेरठ रोड पर कांवड़ियों ने मचाया उत्पात, तोड़ डाली पुलिस की गाड़ी



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली-मेरठ रोड पर कांवड़ियों के उत्पात मचाने का एक वीडियो सामने आया है। दरअसल, कांवड़ियों ने पुलिस की गाड़ी के साथ तोड़फोड़ की। यह मनन धाम के पास दुहाई की घटना है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क पर कई कांवड़ यात्री खड़े हैं। उनमें से कुछ लाठी-डंडों से पुलिस की गाड़ी पर लगातार अटैक कर रहे हैं। सड़क किनारे पुलिस की वाहन पलटी हुई है।

वायरल हो रहे 50 सेकेंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि सड़क किनारे पुलिस की एक चार पहिया वाहन पलटी हुई है। कुछ कांवड़ियां लाठी से वाहन के साथ तोड़फोड़ कर रहे हैं। वहीं आसपास कई कांवड़ यात्री भी मौजूद हैं। जानकारी के मुताबिक, यह दिल्ली-मेरठ रोड की घटना है। कांवड़ियों ने मनन धाम के पास दुहाई में पुलिस की गाड़ी के साथ तोड़फोड़ की है।

NCR

## चाहते थे नौकरानी, मिल गई चोरों की रानी; 2 दिन बाद ही घर में करा दी 49 लाख की लूट



**फरीदाबाद, (एजेंसी)** ग्रीन फील्ड कॉलोनी में शनिवार देर रात एक घरेलू सहायिका ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मालकिन के घर में लूटपाट करवा दी। रात करीब सवा 11 बजे आरोपी घर में घुस आए और एक कमरे में बैठी बुजुर्ग महिला को पिस्तौल दिखाकर उसे बंधक बना लिया। इस दौरान बुजुर्ग के साथ मारपीट कर घर में रखे करीब 48 लाख रुपये के गहने और 75 हजार नगदी लूटकर फरार हो गए। शिकायत पर सूरजकुंड थाना की पुलिस जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार 60 वर्षीय पीड़िता रितू खन्ना ने शिकायत में बताया है कि वह ग्रीन फील्ड कॉलोनी के सी-ब्लॉक में परिवार के साथ रहती हैं। उनके पति प्रवीन खन्ना बीमार हैं। इसलिए उन्हें दिल्ली के एक निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। उनके घर में दो घरेलू सहायिका काम करती है। नगमा नामक एक सहायिका कई साल से घर में बच्चों की देखभाल कर रही है। जबकि 25 जुलाई को उन्होंने एक एजेंसी के माध्यम से करिश्मा नामक दूसरी घरेलू सहायिका को नौकरी पर रखा था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम को उनका बेटा लव खन्ना पिता को देखने दिल्ली स्थित एक निजी अस्पताल गया था। जबकि बहू कुछ समय के लिए एक जानकार से मिलने घर से बाहर गई थी। नगमा नामक सहायिका एक कमरे में बच्चों को सुला रही थी। जबकि वह खुद दूसरे कमरे में बैठी थी।

Uttarpradesh

## पैदल जा रहे कांवड़ियों को बोलेरो ने कुचला, 2 नाबालिगों की मौत

**गाजीपुर, (एजेंसी)** यूपी के गाजीपुर में तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से दो कांवड़ियों की मौत हो गई. वहीं, दो से तीन कांवड़िये घायल हो गए. ये हादसा तब हुआ जब कांवड़िये कैथी मारकंडे धाम से गंगाजल लेकर बाबा धाम के लिए जा रहे थे. मृतक दोनों कांवड़िये नाबालिग थे. घटना की सूचना मिलते ही उनके परिवार में कोहराम मच गया.

दरअसल, पूरा मामला खानपुर थाना क्षेत्र के बिहारीगंज डगरा-मेहनाजपुर मार्ग का है, जहां बीती रात तेज गति से आ रही बोलेरो गाड़ी के चपेट में आकर दो कांवड़ियों की मौत हो गई. हादसे से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई. बाद में सीओ सैदपुर पूरी फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे.

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, रविवार की शाम क्षेत्र के अमेंदा गांव निवासी 15 वर्षीय मटरु उर्फ आदित्य राजभर व 13 वर्षीय कौशल राजभर कैथी मारकंडेय धाम से गंगा जल लेकर बाबा धाम के लिए रवाना हुए थे. तभी रात करीब नौ बजे भभौरा मोड़ के पास आजमगढ़ जिले से कांवड़ियों से भरी एक बोलेरो तेज गति से आ रही थी. उसने पैदल चल रहे कांवड़ियों के जत्थे को कुचल दिया.

Bihar

## नेपाल के हार्डवेयर कारोबारी की मोतिहारी में हत्या, बदमाशों ने सीने में मारी दो गोली

**मोतिहारी, (एजेंसी)** मोतिहारी में रविवार को एक शख्स की गोली मारकर हत्या कर दी गई. यह घटना पिपरा थाना क्षेत्र के बेदीबन मधुबन गांव की है. मृतक की पहचान रामायण साह के रूप में की गई. वह काठमांडू में रहते थे और वहां उनका हार्डवेयर का व्यवसाय है. एक दिन पहले वह अपने पिता की मौत होने पर गांव आए थे.

मृतक रामायण साह का भतीजा जो उनके साथ स्कूटी पर सवार था. वह गोलीबारी में किसी तरह बच गया. घटना के संबंध में उसने बताया कि उसके दादाजी यानी मृतक के पिता की मौत के बाद उसके चाचा रामायण साह कल ही काठमांडू से गांव आये थे और दाह संस्कार में शामिल हुए थे. आज जब पूरा परिवार घर पर बैठा था तो एक सामान की जरूरत पड़ी. इस पर उसके मृतक चाचा स्कूटी पर सवार होकर बाजार जा रहे थे.




भतीजे ने बताया कि बाजार जाने के दौरान तभी गांव के एक सुनसान जगह पर बाइक पर सवार दो अपराधी आए और उनकी स्कूटी रोककर उसके चाचा के सीने में दो गोली मार दी. इससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई. उसके बाद उस पर भी हमला करना चाहा, तब तक वह वहां से भाग निकला. इस कारण उसकी जान बच पाई.

खेल

# मनु ने रचा इतिहास, ओलंपिक में शूटिंग में भारत को पदक दिलाने वाली पहली महिला, जीता कांस्य

**पेरिस, (एजेंसी)** मनु भाकर ने रविवार 28 जुलाई को पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। हरियाणा की 22 साल की इस निशानेबाज ने चेटरौक्स शूटिंग सेंटर में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद इन खेलों में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला निशानेबाज बनीं। टोक्यो में दिल टूटने के तीन साल बाद भारत की इस सबसे प्रसिद्ध और प्रतिभाशाली निशानेबाजों में से एक ने अपने सपनों को पूरा किया और देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने जबरदस्त वापसी की और कांस्य पदक अपने नाम किया। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण और रजत पदक दक्षिण कोरिया की दो खिलाड़ियों ने जीता। ओह ये जिन 243.2 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और किम येजी ने 241.3 के स्कोर के साथ रजत पदक अपने नाम किया।




मनु भाकर क्वालिफिकेशन राउंड में भी तीसरे स्थान पर रही थीं। इसके साथ ही उन्होंने शूटिंग में भारत के पदक के 12 साल के सूखे को भी खत्म किया। 2012 लंदन ओलंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में पदक जीता था। यह शूटिंग में भारत का पांचवां पदक है। मनु से पहले चारों एथलीट्स पुरुष थे। वह राज्यवर्धन सिंह राठौड़, अभिनव बिंद्रा, गगन नारंग और विजय कुमार के क्लब में शामिल हो गईं।

महज नौ माह पहले तक मनु भाकर 10 मीटर एयर पिस्टल की भारतीय टीम में भी शामिल नहीं थीं। बीते वर्ष वह हांगझोऊ एशियाई खेलों में खेलीं, लेकिन इस इवेंट की टीम में नहीं थीं। यह वह इवेंट है जो उनके दिल के सबसे करीब है। एशियाड से पहले मनु भाकर ने पिछले सारे विवादों को भुलाकर कोच जसपाल राणा का हाथा थामा तो इसकी एक वजह 10 मीटर एयर पिस्टल में वापस प्रभुत्व स्थापित करना था। एशियाड के बाद मनु का समर्पण और जसपाल का साथ काम आया। मनु ने न सिर्फ 10 मीटर एयर पिस्टल की ओलंपिक टीम में जगह बनाई बल्कि शनिवार को क्वालिफाइंग दौर में 580 का विश्वस्तरीय स्कोर कर तीसरे स्थान पर रहते हुए इस इवेंट के फाइनल में भी जगह बनाई।

सिनेमा

## आलिया भट्ट का स्क्रीन पर दूसरे शख्स संग रोमांस, देखकर रणबीर को नहीं होती इनसिक्योरिटी



रणबीर कपूर ने लेडीलव आलिया भट्स संग साल 2023 अप्रैल में शादी रचाई थी. ये काफी इंटीमेट सेरेमनी थी. शादी के कुछ महीनों बाद दोनों ने बेटी राहा कपूर का स्वागत किया था. नवंबर में राहा 2 साल की हो जाएंगी. रणबीर, न ही सिर्फ एक लविंग पति हैं, बल्कि एक अच्छे पिता भी हैं. आलिया ने ये बात एक इंटरव्यू में कही थी. हाल ही में Nikhil Kamath के पॉडकास्ट में रणबीर ने अपनी पर्सनल लाइफ से जुड़ी कुछ बातें बताईं. रणबीर ने कहा कि वो एक इनसिक्योर पार्टनर नहीं हैं. हालांकि, अगर 10 साल पहले वो खुद को देखें तो थे. पर अब नहीं हैं. मैं अपने काम को लेकर भी इनसिक्योर नहीं रहता. मुझे मेरे काम और आर्ट में बहुत भरोसा है. काफी समय से मैं इनसिक्योर नहीं हूं. रही बात आलिया संग लाइफ को लेकर तो उस केस में भी मैं इनसिक्योर पार्टनर नहीं हूं. 'दूसरे शख्स के साथ आलिया ने पर्दे पर कई दफा रोमांस किया है. उसे देखकर मैं कभी इनसिक्योर नहीं हुआ. हां, अगर 10 साल पहले मेरा पार्टनर अगर ऐसा कुछ कर रहा होता तो शायद इनसिक्योर होता. पर मैं बड़ा हो गया हूं. मैंने लाइफ को समझा है और उसको जिया है.' बता दें कि रणबीर ने ऐसा नहीं कि अभी तक की सारी फिल्में ब्लॉकबस्टर दी हों.

## Highlights

1. Dehradun-Delhi highway shut for traffic till Aug 2, only Kanwariyas allowed
2. Akhilesh betrayed Dalits: Deputy CM as Pandey gets UP LoP post
3. Manipur-like situation possible in Maha: Pawar on quota protest
4. US woman found chained to tree in Maharashtra
5. Video shows students escaping flooded basement of Delhi coaching centre

# Melinda French Gates mocks 'silly' Elon Musk: 'Not a philanthropist, just uses...'

**NEW DEIHI, (Agency).** Melinda French Gates slammed the new generation of billionaires like Tesla CEO Elon Musk and PayPal founder Peter Thiel use their "megaphones" instead of their bank accounts to bring change in the world. Talking to The New York Times, Bill Gates' former wife said that the new generation of "billionaire activists" like Elon Musk, Twitter founder Jack Dorsey, hedge fund manager Bill Ackman and Peter Thiel are not doing enough.

She said, "Well, the people you just named have not been very philanthropic yet. They use their voice and they use their megaphones, but I would not call those men philanthropists."

The comments come as Melinda French Gates announced in May that she is stepping down from her role as cochair of the Gates Foundation while



she remains committed to "people and organizations working on behalf of women and families around the world, including on reproductive rights in the United States."

She also criticised Elon Musk's criticism of her political activism and called it "silly" after the Tesla boss said that her decision to endorse Joe Biden in the 2024 election "might be the downfall of western civilization."

Melinda French Gates said she thinks tech CEOs frequently give advice on things with which they are not experts. "I've just watched over the years tech leaders interviewed about their parenting style. A male who has spent, you know, 60 hours at his company that week, and I'm sure he's a fantastic CEO and has done a great job. But then they get asked about parenting, and they spew all this stuff, and you think, something doesn't add up here, so just — some of these comments to me are just kind of silly," she said. She added, "I knew I had to speak out in favor of women's rights, and if there was a candidate who is against women's rights and says terrible things about women, there is no way I could vote for that person."

# PNB share price rises 6% post Q1 results: Is there more upside likely?

**NEW DEIHI, (Agency).** Punjab National Bank (PNB) share price rose over 6% today (July 29) post Q1 results in which the lender reported highest-ever quarterly standalone profit of ₹3,252 crore. PNB saw an increase in interest revenue and a decrease of bad loans and net profit rose 159 per cent year on year.

Net interest income (NII) increased 10.2% to ₹10,476.2 crore in the first quarter of the current fiscal year from ₹9,504.3 crore in the same period last year.

PNB share price opened at ₹124.86




today almost 4% higher than previous close of ₹119.95. The bank's share price continued to gain to intraday highs of ₹128.10.

Jefferies India Pvt ltd put a target price of ₹150 for the PNB stock indicating around 20% upside.

The brokerage said that it remains positive on lower slippages at 0.8% which though were offset by higher recoveries and it sees credit costs staying low for 1-2 years. Jefferies gave Punjab National Bank (PNB) share 'Buy' tag with target of ₹150.

Motilal Oswal Financial Services put target price for Punjab National Bank (PNB) at ₹135.

Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# घर में की तोड़फोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के द्वारकापुरी में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। पुलिस ने फरियादी अशोक सचदेव निवासी द्वारकापुरी की शिकायत पर संतोष आया और कहने लगा तुमने सुहागरात कितनी बार मना ली है, इस पर फरियादी ने कहा कि मैने तो मना ली है तुझे कम लग रही है तो तू भेज दें। इसी बात को लेकर संतोष और उनके बडे बेटे ने फरियादी को अपशब्द कहे, इसके बाद फरियादी घर में चला गया तभी दोनों ने घर में घुसकर सामान, वैसमरे में तोडफ़ोड़ की जिससे फरियादी को नुकसान हो गया।

# फांसी से पहले किया वीडियो कॉल

## पत्नी के मायके से इंदौर नहीं लौटने पर नाराज था युवक

**इंदौर। परदेशीपुरा में एक डिलीवरी बॉय ने फांसी लगाकर जान दे दी। इससे पहले उसने पत्नी को वीडियो कॉल किया। पत्नी ने वीडियो की स्क्रीन रिकार्डिंग की। लेकिन ससुराल के लोगों को कॉल करके सूचना नहीं दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा है।**

पुलिस के मुताबिक मृतक मनोज (30) पुत्र रामलाल निर्मल निवासी परदेशीपुरा ने फांसी लगाकर जान दे दी। जान देने से पहले उसने फंदा लगाकर पत्नी जयश्री को वीडियो कॉल किया। पत्नी ने उसकी स्क्रीन रिकार्डिंग की और कहा कि ससुराल वालों को बताएगी। इसके बाद पति ने सुसाइड कर लिया, लेकिन पत्नी ने फोन नहीं लगाया।

### डेढ़ साल के बच्चे को लेकर चली गई पत्नी

पुलिस ने बताया कि मनोज की पत्नी जयश्री डेढ़ साल के बच्चे को लेकर कुछ समय पहले मायके नागदा चली गई और लौट नहीं रही थी। मनोज इसी बात से परेशान था। रविवार की शाम मनोज ने जयश्री को कॉल कर इंदौर आने के लिए कहा। लेकिन वह नहीं मानी। इसके बाद उसने वीडियो कॉल कर फांसी लगाने की बात की। बाद में फंदे पर झूल गया। परिवार में उससे एक छोटा भाई भी, जिसकी पिछले साल ही शादी हुई है। वहीं एक बहन की भी शादी हो चुकी है। पिता अरबिंदो अस्पताल में कर्मचारी हैं।

# 13 वर्षीय बालक गुमशुदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** पीथमपुर थाना क्षेत्र में एक 13 वर्षीय बालक के गुमशुदा होने का मामला सामने आया है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। सहायक उपनिरीक्षक मुकेश शर्मा ने बताया कि नाबालिग के परिजनों ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि उनका परिवार नगर की जावरा कॉलोनी में निवास करता है। उनका 13 वर्षीय नाबालिग बेटा शनिवार सुबह 8 बजे पास की दुकान पर सामान लेने गया था, परंतु वो वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने आसपास उसकी तलाश की लेकिन वह नहीं मिला। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 363,364/24,137(2) और 102/24 में केस दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक